C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 7:02 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 5:15 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 300 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 29 मई 2024

पुष्पा 2 का दूसरा गाना अंगारों...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### एजी आफिस ने जल संस्थान की टीम को हराकर सेमीफाइनल में

**नैनीताल** । एजी आफिस हाईकोर्ट क्लब नैनीताल के तत्वावधान में नैनीताल के ऐतिहासिक डीएसए मैदान में खेली जा रही 12वीं ज्यूडीशियल क्रिकेट कप प्रतियोगिता-2014 में मंगलवार को खेले गए मुकाबले में एजी आफिस ने जल संस्थान की टीम को हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। दूसरी ओर शिक्षा विभाग की टीम भी सेमीफाइल में पहुंच चुकी है। डीएसए मैदान में एजी ऑफि स बनाम जल संस्थान नैनीताल के समक्ष मैच खेला गया जिसमे टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जल संस्थान की टीम ने निर्धारित ओवरों में 111 रन बनाए, टीम के लिए सर्वाधिक रन कमल ने 31 और चंदन 18 रनों का योगदान दिया। इस मैच के निर्णायक श्री परिहार और हर्षित अधिकारी जबकि स्कोरर मोहम्मद अब्बास रहे। इस बीच आयोजन समिति के जे. के. लखेड़ा समेत रवि प्रकाश जोशी,मोहित बिष्ट तथा धीरज पांडे आदि लोग मौजूद रहे।

### वाहन चालक के खिलाफ तहरीर दी

**हल्द्वानी।** दुर्घटना के आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। होटल अमरदीप निवासी केदार सिंह मेहरा पुत्र कुंवर सिंह मेहरा ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बीती 20 मई को उसका कमल अपने साथी सचिन के साथ स्कूटी पर सवार होकर देवलचौड से बाजार की ओर जा रहा था। तभी सामने से तेज रफ्तार वाहन ने स्कूटी में टक्कर मार दी जिससे कमल और सचिन दोनों घायल हो गए। दोनों का उपचार एसटीएच में चल रहा है। युवक ने दुर्घटना के आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवई की मांग की है।

## बैडमिंटन प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में छाए बीएलएम एकडमी के खिलाड़ी

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

स्व. वेद प्रकाश गुप्ता स्मृति





बीएलएम एकेडेमी में आयोजित स्व. वेद प्रकाश गुप्ता स्मृति बैडमिंटन, शतरंज और कुमांऊ स्तरीय टेनिस प्रतियोगिता के दूसरे दिन प्रबंधक साकेत अग्रवाल, निदेशक सौम्या अग्रवाल एवं प्रधानाचार्या डॉ. गायत्री कंवर ने बैडमिंटन एवं शतरंज के विजेताओं को पुरस्कृत किया। संयोजक हर्ष गोयल ने बताया कि दूसरे दिन शतरंज और बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन हो गया। बैडमिंटन का परिणाम इस प्रकार रहा- बालक वर्ग के विजेता- अंडर 14 दीक्षांत स्कूल,अंडर 17 दीक्षांत स्कूल, अंडर 19 शेमफोर्ड स्कूल ।बालक वर्ग के उपविजेता- अंडर 14 ग्रेट मिशन स्कूल ,अंडर 17 ग्रेट मिशन स्कूल, अंडर 19 गुरुकुल स्कूल । बालिका वर्ग के विजेता- अंडर 14 गुरुकुल स्कूल,अंडर 17 बी एल एम एकेडमी, अंडर 19 बी एल एम एकेडमी । बालिका वर्ग के उपविजेता- अंडर 14 बी एल एम एकेडमी,अंडर 17 गुरुकुल स्कूल, अंडर 19 स्कॉलर एकेडमी। शतरंज प्रतियोगिता में विजेता इंस्पिरेशन स्कूल, उप विजेता बी एल एम एकेडमी रहा एवम् डी ए वी स्कूल तृतीय स्थान पर रहा। टेनिस प्रतियोगिता सिंगल्स के सीनियर वर्ग में मानस तिवारी और प्रखर तिवारी ने तथा जूनियर वर्ग में सत्यम सती और अक्षत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई। टेनिस के फाइनल मौकाबले तथा डबल्स के मुकाबले कल खेले जायेंगे। हल्द्वानी, रामनगर, नैनीताल एवम् रुद्रपुर आदि से लगभग 250 से अधिक खिलाड़ीयों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के निर्णायक राजेंद्र राणा, नरेश जोशी, हर्षिता परिहार ,ललित सिंह लामाकोटी, धीरज पाण्डे,मनीष भट्ट और तनुज सनवाल रहे। खेल विभाग के हर्ष गोयल,निश्चल जोशी, संजय सजवान, हेमंत जोशी, रंजना बोरा, वंदना नेगी, रोहित कुमार, त्रिभुवन नित्वाल,दीपक जोशी,भास्कर भट्ट, ज्योति गड़िया, राखी कोरंगा आदि ने सहयोग किया।

देहरादून में 40 पार पहुंचा पारा

## मैदान से लेकर पहाड़ तक गर्म हवाओं से लोग हलकान

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है आज बुधवार से अगले दो दिन तापमान में सामान्य से चार से पांच डिग्री तक की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। जिसके चलते मैदान से लेकर पहाड़ तक गर्म हवाएं परेशान कर सकती हैं।

उत्तराखंड में बीते कुछ दिनों से मौसम अपने तेवर दिखा रहा है। तपते सूरज और गर्म हवाओं के थपेड़े मैदान से लेकर पहाड़ तक लोगों को झुलसा रहे हैं। राजधानी दून का अधिकतम तापमान तीसरे दिन भी लगातार 40 डिग्री के पार रहा। इसके चलते गर्म हवाओं ने दिन के साथ रात को भी परेशान किया।

इस बार मई में अभी तक सात दिन तक पारा 40 डिग्री के पार पहुंच गया है। इस बीच चार बार रिकॉर्ड तोड़ तापमान दर्ज किया गया। आंकड़ों पर नजर डालें तो दून का अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री के इजाफे के साथ 40.6 डिग्री दर्ज किया गया। रात का न्यूनतम तापमान भी सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा रिकॉर्ड किया गया। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है आज (बुधवार) से अगले दो दिन तापमान में सामान्य से चार से पांच डिग्री तक की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। जिसके चलते मैदान से लेकर पहाड़ तक गर्म हवाएं परेशान कर सकती हैं। प्रदेश के पर्वतीय जिलों में आज (बुधवार) झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार रुद्रप्रयाग, चमोली, उत्तरकाशी, अल्मोड़ा, नैनीताल, चम्पावत, बागेश्वर और पिथौरागढ़ के कुछ इलाकों में दोपहर और शाम के समय 30 से 40 किलोमीटर की तेजी से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है। इसके अलावा इन जिलों के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश होने के भी आसार हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने कहा, सामान्य तापमान में 4.5 डिग्री की बढ़ोतरी होने के बाद गर्म हवाएं चलती हैं।



### पहाड़ों पर भी चलने लगी गर्म हवा

सामान्य तापमान में चार से पांच डिग्री तक की बढ़ोतरी होने से पहाड़ों पर भी गर्म हवाएं चलने लगी हैं। मसूरी, अल्मोड़ा, चमोली, रुद्रप्रयाग समेत पर्वतीय जिलों के कुछ इलाकों में तापमान में हुई बढ़ोतरी से दिन के समय गर्म हवाएं परेशान करने लगी हैं।

## क्रिप्टो में इंवेस्ट करने के नाम पर लाखों की ठगी

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

लोगों को साइबर ठगों के प्रति जागरूक करने के बाद बाद भी लोग ठगी का शिकार हो रहे हैं। क्रिप्टो में इंवेस्ट करने के नाम पर एक व्यक्ति से लाखों की ठगी कर ली गई। पीडित्रत ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम पुलिस में की है।

अतिम आश्रम मंदिर ऊंचापुल मुखानी निवासी बृजराज रौतेला पुत्र स्व. शमशेर सिंह रौतेला ने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है कि उसके पास जॉब से संबंधिम मैसेज आया था जिसके बाद एक महिला से बात करने पर उसने एक लिंक भेजा और उस रिव्यू करने का कहा। रिव्यू करने पर उसे 210 रूपए भेजे गए।

इसके बाद कई और लिंक भेजने और रिव्यू करने के बाद उसे क्रिप्टो में पैसा लगाने का झांसा दिया। उसने गूगल पे के जरिए 1 हजार रूपए डालने के बाद उसका एक अकाउण्ट बनाया। साथ ही टेलीग्राम में नवीन चंड्ढा नामक व्यक्ति से क्रिप्टो में इंवेस्ट करने को लेकर उसकी चैटिंग होने लगी। इसी कविता शर्मा नामक महिला ने 1 हजार के बदले उसके खाते में 1500 सौ रूपए डाल दिए। इसी दौरान अगली बार 3 हजार रूपए इंवेस्ट करने पर उसे 43 सौ रूपए वापस मिले। इसके बाद वह उसके दिये गये खातों में धनराशि जमा की जाती थी जिसे वह मेरे क्रिप्टो एकाउन्ट में दिखा देते थे। इसके बाद उसने कई बार रकम डाली जिसके बाद उन लोगों ने बात करनी बंद कर दी।

इसके बाद उसकी ओकेएक्स् के फाइनेंस मैनेजर से बात हुई और उसके धनराशि डाली और वह उसकी डिटेल उसके अकाउण्ट वैलेट में दिखाते रहता था। 19 मई तक उसके खाते में 8 लाख रूपए की धनराशि दशाई गई। जब उसने धनराशि मांगी तो कहा कि सर्विस टैक्स के रूप में 30 हजार रूपए जमा करने होंगे। जब उसने रकम से ही पैसे काटने की बात कही तो उन्होंने इससे इंकार कर दिया तब जाकर उसे ठगे जाने का एहसास हुआ। पीड़ित ने साइबर ठगों के खिलाफ कार्रवई करते हुए रकम वापसी की गुहार लगाठ है।

## वार्ड-37 में 150 स्ट्रीट लाइटें खराब, गुस्साए लोगों का नगर निगम में प्रदर्शन

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

नगर निगम के वार्ड 37 में स्ट्रीट लाइटें दुरुस्त न किए जाने से भड़के लोगों ने प्रदर्शन किया। सामाजिक कार्यकर्ता व भाजपा नेता हदयेश कुमार के नेतृत्व में तमाम लोग बुधवार को नगर निगम पहुंचे और प्रदर्शन किया। इस दौरान अफसरों के न मिलने पर लोग आक्रोशित हो गए। उनका कहना था कि वार्ड में 150 से अधिक स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हैं। इसकी नगर निगम के नंबर पर भी शिकायत दर्ज कराई गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने जल्द लाइटें दुरुस्त न होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी। प्रदर्शन करने वालों में वीरेंद्र सिंह बिष्ट, पंकज अधिकारी, हरीश कुमार, हर्षित, दिनेश आदि शामिल थे।



## पर्यटकों सहित स्थानीय लोगों ने उठाई उचित पार्किंग की मांग

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

व्यापार मंडल मल्लीताल के महामंत्री त्रिभुवन सिंह फर्त्याल ने नैनीताल नगर में पर्यटकों सहित स्थानीय निवासियों हेतु वाहन की पार्किंग की उचित व्यवस्था किए जाने की मांग की है। मामले को लेकर फर्त्याल की ओर से मंगलवार को अपर जिलाधिकारी को भी ज्ञापन सौपा गया।

फर्त्याल ने कहा कि नैनीताल नगर के सीमांतर्गत उपलब्ध समस्त वाहन पार्किंग स्थलों में स्थानीय लोगों के वाहनों हेतु 20 से 25 फीसदी स्थान नगर पालिका आदि विभागों के माध्यम से न्यूनतम वार्षिक शुल्क के आधार पर आरक्षित किया जाना नितांत जरू री है। कहा कि नैनीताल नगर में निष्प्रयोजन पड़ी भूमि (सरकारी,कैंट भूमि,गैर सरकारी, निजी भूमि तथा ग्रीन बेल्ट आदि भूमि) का उपयोग विधि सम्मत कार्यवाही कर स्थानीय सहित पर्यटक वाहनों के पार्क करने हेतु उपयोग किया जा सकता है।



फर्त्याल के मुताबिक मल्लीताल क्षेत्र में उपलब्ध मेट्रोपोल के ऊपरी भू भाग में दीर्घकालिक योजनांतर्गत खंडहर हुए भवनों को ध्वस्त कर बहुमंजली पार्किंग का निर्माण कर एक छोर से वाहनों का प्रवेश द्वार एवं चीना बाबा चौराहे के समीप निकासी द्वार बनाया जा सकता है। परिसर में वाहन पार्क करने की क्षमता बहुमंजली पार्किंग बनने पर लगभग 2000 से 2500 वाहनों की विद्यमान है।कहा कि शहर में छोटे-छोटे वाहन स्थल निर्माण करने के बजाय बड़े भूभाग पर एक मुश्त पार्किंग स्थल निर्माण करने की दशा में शहर का सौंदर्य एवं व्यवहारिक अनावश्यक जाम से मुक्ति मिलने की संभावना प्रबल है।

कहा कि पूर्व की भांति नैनीताल क्लब से आगे राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल तक वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित कर पैदल चलने वाले राहगीरों तथा बच्चों आदि हेतु मार्ग को आरक्षित किया जाए एवं एसबीआई चौराहा समेत मस्जिद चौराहा,अंडा मार्केट तथा चीना बाबा चौराहे तक सडक् को आवश्यकतानुसार चौड़ीकरण कर आउटर रिंग रोड की तर्ज पर विकसित किए जाने पर ना केवल पैदल राहगीरों तथा बच्चों आदि को बहुत राहत मिलेगी बल्कि दुर्घटनाओं को भी उक्त क्षेत्र में न्यून किया जा सकता है। ज्ञापन में व्यापार मंडल के अध्यक्ष किशन सिंह नेगी के भी हस्ताक्षर हैं।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति की बैठक

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिलाधिकारी वंदना सिंह की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति की मासिक बैठक विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ जिला कार्यालय नैनीताल में संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने चिन्हित नदियों व जल स्रोतों के संरक्षण और उनको पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से उनकी साफ सफाई की व्यवस्था को सुनिश्चित रूप से सुदृढ़ करने के लिए विभिन्न विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

नगर निगम द्वारा वार्ड नंबर 49 में गो ग्रीन गो क्लीन एनजीओ के माध्यम से सोर्स सेग्रीगेशन से संबंधित जागरूकता अभियान चलाया गया जिसके माध्यम से घर घर जाकर गीला और सूखा कूड़ा अलग करने की जानकारी दी गई की। इसके साथ ही डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन कर कूड़ा निस्तारण का कार्य किया जा रहा है और लगातार नगर की साफ सफाई का कार्य गतिमान है। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद में कही भी सार्वजनिक भूमि में अवैध डंपिंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाए, यदि जनपद में कहीं भी सार्वजनिक भूमि पर डंपिंग साइट्स बनती है, तो उसकी जिम्मेदारी उस विभाग के विभागाध्यक्ष की होगी जिसकी वह भूमि है। निर्माण कार्यों के मलबे के निस्तारण हेतु स्थल चयन समिति के माध्यम से चिन्हीकरण करवाने हेतु निर्देशित किया।



जिलाधिकारी ने बैठक में निर्देशित किया कि नगर निकायों द्वारा नाली सफाई कार्यों का सत्यापन अधिकारियों के माध्यम से करवाया जाएगा, नगर निगम अंतर्गत सभी वार्डों में जिनमें अपर जिलाधिकारी फिंचाराम चौहान के नेतृत्व में टीम गठित कर नाली सफाई कार्यों का निरीक्षण करवाया जाए, इसके लिए 30 जिला स्तरीय अधिकारियों को चिन्हित करने और प्रत्येक अधिकारी को 02-02 वार्ड की नालियों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने की जिम्मेदारी सौंपने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी नगर पालिका ईओ को नगर पालिका के अंतर्गत आने वाली नालियों सड़कों और सड़कों पर बनी कलमठों की साफ सफाई कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने स्वजल, नगर पालिका नैनीताल, पीसीबी और पेयजल विभाग को व्यापक जल संरक्षण अभियान चलाए जाने हेतु निर्देशित किया।

बैठक में चंद्रशेखर जोशी डीएफओ नैनीताल, हिमांशु बागरी डीएफओ तराई पूर्वी, अपर जिलाधिकारी फिंचाराम चौहान, उपजिलाधिकारी कौश्याकुटोली विपिन चन्द्र पन्त, उप आयुक्त नगर निगम तुषार सैनी सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जगह-जगह सीवर बहने से परेशान लोगों ने सीएम, डीएम व अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में नैनीताल में जगह-जगह सीवर बहने से परेशान लोगों ने मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी व जल संस्थान के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा है। लोगों की ओर से शहर में बहते सीवर से निजात दिलाने की मांग की गई है।

भेजे गए ज्ञापनों में लोगों ने लिखा है कि शहर में पर्यटन सीजन का समय है ऐसे में देश विदेश से हजारों पर्यटक नैनीताल पहुंच रहे हैं। लेकिन इन दिनों शहर में बहता सीवर शहर की सुंदरता में दाग लगा रहा है। कई दिनों से शहर के कई हिस्सों में भारी मात्रा में सीवर बह रहा है। जिससे स्थानीय लोगों व पर्यटकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही शहर की छवि खराब हो रही है। लोगों ने जल्द से जल्द शहर को सीवर की समस्या से मुक्ति दिलाने की मांग की है। ज्ञापन भेजने वालों में नितिन कार्की, भूपेन्द्र सिंह बिष्ट, मनोज जोशी, आंदन बिष्ट समेत अन्य लोग शामिल हैं।



## 15 जून को मंदिर का 143वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री मां नयना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट द्वारा 15 जून को मंदिर का 143वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। मंगलवार को पत्रकारों को संबोधित करते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव लोचन साह ने बताया कि 7 जून से 15 जून तक मंदिर का स्थापना दिवस मनाया जाएगा, जिसमें 7 जून शुक्रवार ज्येष्ठ शुक्ल प्रतिपदा को सुबह जल पूजन व कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा जबकि शाम 6 बजे आरती व प्रसाद वितरण होगा। जिसके बाद 9 दिन तक हर रोज श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन पंडित मनोज कृष्ण जोशी द्वारा किया जाएगा वही 11 जून (मंगलवार) को दोपहर में सुंदरकांड का आयोजन किया जाएगा तथा 15 जून शनिवार ज्येष्ठ शुक्ल नवमी स्थापना दिवस के मौके पर ब्रह्म मुहूर्त में श्री मां नैना देवी की पूजा के उपरांत कुल पूजा, देव पूजन,पूर्णाहुति तथा कथा प्रवचन व्यास पूजन व पुस्तक पूजन व कन्या पूजन, ब्रह्मांड पूजन के बाद अपराह्न एक बजे से महा भंडार वहीं शाम को भजन संध्या का आयोजन होगा।

इस दौरान ट्रस्ट के सचिव हेमंत साह,उपसचिव प्रदीप साह, मुख्य पुजारी बसंत बल्लभ पांडे समेत ट्रस्टी मनोज चौधरी, मल्लीताल व्यापार मंडल के अध्यक्ष किशन सिंह नेगी तथा प्रशासनिक अधिकारी शैलेंद्र मेलकानी आदि मौजूद रहे।

## डे-नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत तीन मुकाबले खेले

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के समीपवर्ती खुर्पाताल में खेली जा रही डे-नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत तीन मुकाबले खेले गए।

मंगलवार को पहला मुकाबला खुर्पाताल संयुक्त और पत्रकार इलेवन के मध्य मुकाबला हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए खुर्पाताल संयुक्त ने निर्धारित 12 ओवरों में 122 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में पत्रकार इलेवन 100 ही रन बना सकी। दूसरे मुकाबले में लेक इन खुर्पाताल और खुर्पाताल वॉरियर्स आमने-सामने रहे। पहले बल्लेबाजी करते हुए लेक इन खुर्पाताल ने 145 रनों का लक्ष्य रखा। जबाव में खुर्पाताल वॉरियर्स मात्र 111 रन बना सकी।

तीसरा मुकाबला लेक इन खुर्पाताल और मक्कार के मध्य हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए खुर्पाताल की टीम ने 190 रनों का लक्ष्य रखा। जबाव में मक्कार की टीम 181 रन ही बना सकी। इस मौके पर विनोद कुमार, हेमंत बिष्ट तथा राम कनवाल आदि मौजूद रहे।



## NEWS / फटाफट

### केमू की बस ने पर्यटकों की कार को मारी टक्कर

**भवाली।** ज्योलीकोट रोड में ओवरटेक कर रही केमू की बस ने पर्यटकों की कार को टक्कर मार दी। बस की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त हो गई। मौके से गुजर रहे कुमाऊँ आयुक्त ने बस के दस्तावेज जांचे तो बस चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस ही नहीं मिला। जिस पर कुमाऊं आयुक्त की ओर से बस को सीज करने के निर्देश दिए गए। जानकारी के अनुसार यूपी के पर्यटक कैंची धाम से हल्द्वानी की ओर जा रहे थे। पर्यटकों की कार भवाली ज्योलीकोट मार्ग में खूपी गांव में पहुंची ही थी कि अल्मोड़ा से आ रही बस ने पीछे से आकर कार में टक्कर मार दी। बस की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त हो गई। इस दौरान सड़क में लम्बा जाम लग गया। बस चालक व कार चालक एक दूसरे की गलती बताते हुए झगड़ने लगे थे कि इस दौरान वहां से गुजर रहे कुमाऊँ आयुक्त दीपक रावत ने अपना वाहन रोक मामले की जानकारी ली। जिसके बाद उन्होंने बस चालक से वाहन के दस्तावेज व ड्राइविंग लाइसेंस दिखाने को कहा। जिस पर पता चला कि वाहन चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस ही नहीं। जिस पर कुमाऊँ आयुक्त की ओर से संभागीय परिवहन विभाग को तुरंत बस सीज करने के निर्देश दे दिए। साथ ही बस संचालक को कार की मरम्मत कराने के निर्देश दिए।

### जमीन पर कब्जा कर निर्माण करने को लेकर कुमाऊं आयुक्त को लिखा पत्र

**नैनीताल ।** भीमताल के चुनौती गांव में गुडग़ांव के लोगों पर महिला ने अपनी जमीन पर कब्जा कर अवैध निर्माण करने का आरोप लगाते हुए कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत और सचिव जिला विकास प्राधिकरण को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। आयुक्त के नाम लिखे पत्र में शिकायतकर्ता रामप्यारी मल्होत्रा का कहना है उसने वर्ष 2020 में चुनौती गांव में भूमि खरीदी और उसकी रजिस्ट्री भी कराई। लेकिन इन दिनों उनकी भूमि पर गुडग़ांव के कुछ लोग कबजा कर अवैध निर्माण कर रहे हैं। शिकायतकर्ता का कहना है की बीमार होने की वजह से कुछ समय से वो अपनी जमीन की देखरेख के लिए नहीं आ पाई। बीते कुछ दिनों पहले उन्होंने अपने बेटे को जमीन की देखरेख के लिए भेजा तो वहां जमीन पर निर्माण हो रहा था। विरोध करने पर निर्माण कर्ताओं ने उनके बेटे को उनकी भूमि से भगा दिया और निर्माण जारी रखा। इसके बाद उन्होंने इसकी शिकायत जिला विकास प्राधिकरण भीमताल कार्यालय में की लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई तो वहीं अब शिकायतकर्ता ने उनकी जमीन पर दबंगों द्वारा किए जा रहे कब्जे की शिकायत कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत से की है साथ ही शिकायती पत्र उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भी भेजा है।

## कोर्ट के आदेश पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर पांच लोगों पर घर में घुसकर परिजनों पर जानलेवा हमला करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। शान्ति विश्वास पत्नी विनय विश्वास निवासी घास मंडी वार्ड 36 रुद्रपुर ने कांति अधिकारी, उसकी पुत्री बबली व पूनम, सोनल पुत्री बबली व सुबीर दास आदि निवासी घास मंडी के विरूद्ध दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसके पुत्र बाबू विश्वास की पड़ोस में रहने वाले कांति अधिकारी से पैसो के लेन देन को लेकर आपसी रंजिश है। 25 मार्च 2024 होली के दिन की सुबह कांति अधिकारी शराब के नशे में धुत होकर उसके घर में घुस आया और उसे गालियां देने लगा। विरोध करने पर मार-पीट करने लगा। जब उसका पुत्र बाबू विश्वास बीच-बचाव करने आया इतने में कांति अधिकारी की पुत्रियों,दामाद सुबीर शान्ति विश्वास दास तथा एक अन्य अपने दो अन्य साथियो के साथ उसके घर में हाथ में लाठी-डंडे, सरिया, लोहे की रॉड व तलवार लेकर घुस आए। आरोप है उन्होंने बाबू विश्वास को बुरी तरह मारापीटा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। कॉल करने पर पुलिस की गाड़ी आ गई तो हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। पुत्र बाबू विश्वास की गंभीर हालत को देखते हुए उसे सुशीला तिवारी अस्पताल में रेफर किया। घटना की तहरीर पुलिस को देने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। कोतवाल धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनगड़ कल पहुंचेंगे कैंची धाम

**नैनीताल।** देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनगड़ 30 मई (गुरुवार) को विश्व प्रसिद्ध बाबा नीम करोली महाराज के दर्शन करेंगे। एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया उपराष्ट्रपति तय कार्यक्रम के अनुसार 30 मई को बरेली हवाई अड्डे से हल्द्वानी स्थित आर्मी हेलीपैड पहुंचेंगे जहां से कर के माध्यम से सुबह 10.40 बजे बाबा नीम करोली महाराज के दर्शन करने कैंची धाम पहुंचेंगे। बाबा नीम करोली महाराज के दर्शन के बाद उपराष्ट्रपति पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के लिए प्रस्थान करेंगे जहां विश्वविद्यालय के शिक्षकों के साथ आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभा करेंगे इसके बाद उपराष्ट्रपति दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे। उपराष्ट्रपति के कैंची धाम के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए तैयारी शुरू कर दी है जल्द ही उपराष्ट्रपति का मिनट टू मिनट कार्यक्रम जारी होगा। इसके बाद यातायात प्लान बनाया जाएगा ताकि उपराष्ट्रपति के कार्यक्रम के दौरान कैंची धाम क्षेत्र में किसी प्रकार की अव्यवस्था ना हो।

## कार चालक के खिलाफ तहरीर दी, स्कूटी सवार की शिकायत भी पुलिस से की

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

अलग-अलग मामलों में पुलिस ने दुर्घटना के आरोपी कार चालक व स्कूटी सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बचीनगर कठघरिया निवासी राजेंद्र सिंह बिष्ट पुत्र दीवान सिंह बिष्ट ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह अपना श्री व्हीलर वर्कशाप से सही कराकर घर की ओर जा रहा था। जब वह जजी कोर्ट के पास पहुंचा तभी हल्द्वानी की ओर से तेज रफ्तार कार डिवाइडर पर चढ़ गई और सड़क के दूसरी ओर से उसके थ्री व्हीलर से टकरा गई जिसमें उसे गंभीर चोट आई है। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं बमेठा बंगर केशव नारायणपुर गुमटी निवासी लीला देवी पत्नी स्व. नंद बल्लभ पाण्डे ने पुलिस में दी तहरीर में कहा कि उसका पुत्र संजय पाण्डे अपने मित्र संजय जोशी उर्फ सोनू जोशी निवासी दौलिया डी क्लास हल्दूचौड़ साथ स्कूटी से हल्द्वानी की ओर आ रहा था। गौरापड़ाव के पास एक स्कूटी चालक ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। जिसके बाद संजय ने उसे समझाया तो दूसरी स्कूटी सवार ने अपने साथियों को बुला लिया। इसके बाद उन्होंने संजय और उसके दोस्त के साथ मारपीट शुरू कर दी जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए एसटीएच में लाया गया जहां पर संजय की मौत हो गई। महिला ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक: स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत



## आस्था और परम्परा

*श्रीकेदारनाथ धाम में साध्वी उमा भारती कई बार ध्यान लगाने पहुंचती रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी श्रीकेदारनाथ धाम में ध्यान लगाया था। आध्यात्मिक मान्यता है कि ध्यान लगाने से आत्मिक शांति की अनुभूति होती है। ढोल-नगाड़े के शोर और नृत्य को आस्था कहना उचित नहीं होगा। बदरी केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने अपील की है कि मंदिर की मर्यादा में रहकर तीर्थ यात्री व्यवहार करें। चारधाम महापंचायत उत्तराखंड के महासचिव डॉ. बृजेश सती ने इन गतिविधियों को परम्परा के खिलाफ बताया है। प्रयास किया जायेगा कि भविष्य में इस तरह के कार्य धामों में कतई न हों। यह हमारी लोक परम्परा के साथ ही धार्मिक परम्परा के लिए अनुचित है।*

श्रीकेदारनाथ धाम के कपाट खुलने पर ढोल-नगाड़े की धुन पर नृत्य को लेकर विवाद जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। यह पहली बार हुआ है। परम्परा के अनुसार पूजा-अर्चना के साथ चारधाम यात्रा का शुभारम्भ होता रहा है। अटूट आस्था के कारण श्रद्धालु पहले ही दिन अधिक संख्या में पहुंच जाते हैं, इसे भीड़ कतई नहीं कहना चाहिए। भारत के धार्मिक स्थलों में विशेष आयोजन और पर्वों पर विपरीत मौसम में कष्ट सहन करते हुए श्रद्धालु भारी संख्या में पहुंचते हैं, यह आस्था का प्रतीक है। देवी-देवता के प्रति आस्था को शालीनता के साथ मंत्रोच्चार से प्रकट किया जाता है। श्रीकेदारनाथ धाम में साध्वी उमा भारती कई बार ध्यान लगाने पहुंचती रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी श्रीकेदारनाथ धाम में ध्यान लगाया था। आध्यात्मिक मान्यता है कि ध्यान लगाने से आत्मिक शांति की अनुभूति होती है। ढोल-नगाड़े के शोर और नृत्य को आस्था कहना उचित नहीं होगा। बदरी केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने अपील की है कि मंदिर की मर्यादा में रहकर तीर्थ यात्री व्यवहार करें। चारधाम महापंचायत उत्तराखंड के महासचिव डॉ. बृजेश सती ने इन गतिविधियों को परम्परा के खिलाफ बताया है। प्रयास किया जायेगा कि भविष्य में इस तरह के कार्य धामों में कतई न हों। यह हमारी लोक परम्परा के साथ ही धार्मिक परम्परा के लिए अनुचित है। मान्यताओं का अतिक्रमण सही नहीं है। चारधाम की यात्रा के लिए हेलीकाप्टर सेवा को पर्यावरणविदों ने अनुचित ठहराया है। प्रदूषण से उच्च हिमालय की हिमाच्छादित चोटियों की बर्फ पिघलने और ग्लेशियर के अस्तित्व को संकट उत्पन्न हो सकता है। हेलीकाप्टर की ध्वनि से शांत वातावरण में रहने वाले वन्यजीव तथा पक्षियों को नुकसान होने की आशंका है। देवभूमि उत्तराखंड के पर्वतीय से लेकर भाबर व तराई क्षेत्र में वाहनों की भरमार से यातायात में बाधा तथा प्रदूषण बढ़ गया है। चारधाम यात्रियों व पर्यटकों द्वारा कचरा फेंकने से नदियां और घाटियां पट गई हैं। देवी जागरण, भागवत तथा अन्य कार्यक्रमों में भजन गायन को भक्ति में भावविभोर होना कहा जा सकता है। अमूमन देखा जाता है कि पंडाल में मौजूद महिलाओं में नृत्य करने की होड़ लग जाती है। कथावाचक के बार-बार कहने पर भी महिलाएं नृत्य करना बंद नहीं करतीं और पुरुष भी उनके साथ शामिल हो जाते हैं। भौतिकवाद, दिखावा और आधुनिकता के कारण विवाह जैसे संस्कार में डीजे पर नृत्य का भी अब विरोध होने लगा है। उच्च शिक्षित और आर्थिक रूप से सम्पन्न युवाओं ने सादगी और सूक्ष्म आयोजन के साथ विवाह करने की प्रेरणा दी है। समाज के प्रबुद्ध जनों को आगे आकर धार्मिक आयोजनों में शोरशराबा और नाचने का विरोध करना चाहिए, जिससे श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस न पहुंचे।

# गुरूनानक बालिका इंटर कालेज की शिक्षिकाएं पहुंची डीएम के पास

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

पिछले छह माह से वेतन न मिलने से शहर के श्री गुरूनानक बालिका कन्या इंटर कालेज की शिक्षकाओं और कर्मचारियों के सब्र का बांध टूट गया। सभी एकत्रित हो कर कलेक्टर पहुंची और उन्होंने जिलाधिकारी उदय राज सिंह से मिल कर ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने डीएम ने वेतन दिलाने की मांग की। बताया कि पूर्व में प्रशासनिक व विभागीय अधिकारियों से कई बार आग्रह किया जा चुका है परंतु कोई कार्यवाही नहीं की गई। आर्थिक परेशानियों के कारण उनके परिवार भुखमरी के कागार तक पहुंच चुके हैं।

बच्चों की फीस, गृह ऋण, पर्सनल लोन की ब्याज सहित किश्त सहित घर के दैनिक खर्चे करना मुश्किल हो गया है।समय से वेतन नहीं उपलब्ध कराया गया तो उनके परिवार के साथ कभी भी कोई अनहोनी घटना घटित हो सकती है जिसके लिए प्रशासनिक व विभागीय अधिकारी जिम्मेवार होंगे। डीएम ने उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि वह इस मामले में शीघ्र उचित कार्रवाई करेंगे। इसके बाद सभी मुख्य शिक्षा अधिकारी के कार्यालय पहुंचे और वहां पर उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उत्तराखण्ड माध्यमिक शिक्षक संघ प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र कुमार मिश्रा, जिलाध्यक्ष अजय शंकर कौशिक, मनोज राजेन्द्, विनीता न्याल, शोभा गहलोत, कुलदीप संधू, जानकी पंत, प्रवीण चौहान, परमजीत कौर, इंदू पाण्डेय, सतविन्दर कौर, सर्वदीप कौर, नीतू शर्मा, कविता रानी, नीमिषा टंडन, दीपा विद्यार्थी, रीता जोशी, मंजू काण्डपाल, दीपिका गौड़, अल्पना, सतवंत कौर, लता कोटलिया, जसप्रीत कौर, राखी टंडन, दविन्दर कौर, एकता धंजू, इन्द्रजीत कौर, रंजीत कौर, हरप्रीत कोंर, अंजली, किरन खुराना, ममता रावत, ललिता नैनवाल, पुष्पा लखानी, कमलेश प्रसाद, अवध किशोर, उत्तम सिंह, दयाल सिंह, देवी रानी मौजूद थे।



**मांग**

- बोलो 6 माह से नहीं मिल रहा वेतन, कैसे चलेगा घर का खर्चा
- चेतावनी परिवार के साथ किसी भी अनहोनी की आशंका होने पर विभागीय अधिकारियों की होगी जिम्मेदारी

## रोटरी क्लब ने 40 छात्राओं को छात्रवृति प्रदान की

**नैनीताल** । नगर के रोटरी क्लब ने मंगलवार को नैनीताल क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों की 40 छात्राओं को कक्षा 6 से कक्षा 12 तक की उनकी पढ़ाई हेतु छात्रवृति प्रदान की गई।

बता दें कि स्थानीय बोट हाउस क्लब में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 18 छात्राओं को छात्रवृत्ति के राशि के चेक संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्यो को देकर सम्मानित किया गया साथ ही 11 अन्य बालिकाओं को और उनकी माताओं को रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3110 के द्वारा संचालित कार्यक्रम बेटी शिक्षित- माता वंदित के अंतर्गत उपहार देकर समानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर की निदेशक प्रो.नीता बोरा शर्मा समेत विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यो एवं अध्यापक और अध्यापिकाएं तथा छात्राएं और उनकी माताएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन विक्रम स्याल ने किया जबकि स्वागत भाषण नरेंद्र लांबा ने दिया। इस अवसर पर आरबी सिंह, विजय कृष्ण, मीडिया प्रभारी सुमित खन्ना, शैलेंद्र साह, हरीश नयाल, जेके शर्मा तथा हारून खान पम्मी उपस्थित रहे।

# हिंदी व भाषायी अखबार ही हैं असली भारत की पहचानः प्रो. के.जी. सुरेश

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

भाषा के बिना पत्रकारिता अधूरी है आज भाषा का क्षरण हो गया है मीडिया शिक्षार्थियों का साहित्य से नाता टूट गया है। भारतीय भाषाओं के अखबारों में अपनी माटी की खुशबू है जिसका जिंदा रहना जरूरी है ये कहना है प्रोफेसर के.जी सुरेश का जो कि एशिया के पहले व देश के सबसे बड़े मीडिया संस्थान माखन लाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति हैं. अवसर था उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग द्वारा हिंदी पत्रकारिता दिवस पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का। सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने कहा कि आजादी के वक्त राष्ट्रीयता हमारी पत्रकारिता का अभिन्न अंग थी आज भी एक पत्रकार को एक मीडिया पेशेवर को अपने राष्ट्र को केन्द्र में रखकर पत्रकारिता करनी चाहिए.



उन्होंने कहा कि हिंदी का पहला अखबार उदंत मार्तंड बेशक 9 माह में बंद हो गया लेकिन उसका प्रभाव बहुत गहरा पड़ा। उन्होंने मीडिया के शिक्षार्थियों के अलावा भी देश के हर व्यक्ति के लिए मीडिया साक्षरता को जरूरी माना। इस मौके पर उत्तराखंड के वरिष्ठ पत्रकार डॉ. गणेश पाठक ने बतौर अध्यक्षीय उद्बोधन में अपने 30 साल के पत्रकारिता के अनुभवों को साझा किया। इस मौके पर दर्जन भर शोधार्थियों ने विभिन्न विषयों पर शोध पत्र पढ़े जिनमें उत्तराखंड मुक्त विवि के शोधार्थी गणेश जोशी ने हिंदी पत्रकारिता में हिंदी भाषा पर अपना पत्र प्रस्तुत किया। आशा जोशी ने हिंदी पत्रकारिता और तकनीकि पर पत्र पढ़ा। दीपिका नेगी ने सोशल मीडिया में फेक न्यूज पर पेपर प्रस्तुत किया।

# फिल्मी दुनिया

## पुष्पा 2 का दूसरा गाना अंगारों हुआ रिलीज



*अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'पुष्पा 2' का दूसरा गाना 'अंगारों% रिलीज हो गया है। इसे लोकप्रिय गायिका श्रेया घोषाल ने गाया है। गाने को 6 भाषाओं में तैयार किया गया है। सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की आने वाली फिल्म 'पुष्पा 2' का दूसरा गाना 'अंगारों% रिलीज हो गया है। कुछ दिन पहले ही इस गाने का टीजर जारी किया गया था, जिसमें अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना नजर आ रहे थे। इसे लेकर दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह था। निर्माताओं ने अपने वादे के मुताबिक, आज 11 बजकर 7 मिनट पर गाने को रिलीज कर दिया। 'अंगारों% गाने को 6 भाषाओं में तैयार किया गया है। इसे लोकप्रिय गायिका श्रेया घोषाल ने गाया है। गाना रिलीज होते ही फैंस ने अपना प्यार बरसाना शुरू कर दिया है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस गाने को वायरल होने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा। बता दें कि 'पुष्पा 2' के पहले गाने पुष्पा-पुष्पा को भी दर्शकों की ओर से अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। इंस्टाग्राम यूजर्स ने इस गाने पर जमकर रील बनाई थी। यूट्यूब पर इस गाने को अभी तक चार करोड़ से भी ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं।*

### 15 अगस्त को रिलीज होगी

*'पुष्पा 2' का निर्देशन सुकुमार ने किया है। फिल्म 15 अगस्त, 2024 को रिलीज होगी। इसका पहला भाग 2021 में रिलीज हुआ था, जिसे लोगों ने खूब पसंद किया था। अल्लू और रश्मिका के फैंस को दूसरे पार्ट से भी जबरदस्त मनोरंजन की उम्मीद है। फिल्म में फहाद फाजिल के किरदार को देखने के लिए भी दर्शकों का उत्साह सातवें आसमान पर है। वहीं, मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म में अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु का कैमियो देखने को मिल सकता है।*

# जिलाधिकारी वंदना व जिले के पुलिस कप्तान मीणा ने की शिष्टाचार भेंट

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) से मंगलवार को राजभवन में जिलाधिकारी वंदना और जिले के पुलिस कप्तान पी.एन. मीणा ने शिष्टाचार भेंट की।

इस दौरान राज्यपाल ने दोनों अधिकारियों से जिले की विभिन्न समसामयिक विषयों और कानून व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। राज्यपाल ने जिलाधिकारी से जिले में वनाग्नि समेत ट्रैफि क व्यवस्था तथा पेयजल व्यवस्था और नैनीताल के अलावा अन्य पर्यटन स्थलों को विकसित किए जाने के संबंध में अद्यतन जानकारी ली। राज्यपाल ने अधिकारियों से कैंची धाम में पर्यटकों के लिए अवस्थापना सुविधाओं को बढ़ाने और जिले के लिए दीर्घकालिक योजनाओं के बारे में चर्चा की। इसके बाद राज्यपाल से एमडी केएमवीएन डॉ. संदीप तिवारी ने शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने एमडी से केएमवीएन की गतिविधियों और क्रियाकलापों की जानकारी ली।



## News कॉर्नर

### मतगणना कार्मिकों का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया

रुद्रपुर। लोकसभा सामान्य निर्वाचन की मतगणना को निष्पक्ष व पारदर्शिता से सम्पन्न कराने के लिए मतगणना कार्मिकों का प्रथम रेंडमाइजेशन मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में किया गया। मतगणना टेबल आबंटित होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना विधानसभावार 14-14 टेबल रखी जायेगी तथा पोस्टल मतों की गणना 34 टेबलों में होगी। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी/नोडल कार्मिक मनीष कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी, सहायक नोडल कार्मिक केएस रावत, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी लक्ष्मी चौहान, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विजय तिवारी आदि मौजूद थे।

### एमबीपीजी कालेज में मतगणना को 84 टेबिल लगेंगी

हल्द्वानी। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एमबीपीजी कालेज हल्द्वानी में चार जून को होने वाली मतगणना के लिए कार्मिकों का प्रथम रेण्डमाईजेशन किया गया। मतगणना के लिए माइक्रो आब्जर्वर 144, सुपरवाइजर 114 तथा 120 सहायक नियुक्त किए गए हैं। नैनीताल जिले के उप जिला निर्वाचन अधिकारी पीआर चौहान ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन ईवीएम से मतगणना हेतु मतगणना कार्मिकों का प्रथम रेण्डमाईजेशन किया गया। उन्होंने बताया कि जनपद की 6 विधान सभाओं में कुल 84 टेबल लगाई जायेगी। प्रत्येक विधान सभा में 14 टेबल लगाई जायेंगी। प्रथम रेण्डमाईजेशन में कुल 378 कार्मिकों को मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि 04 जून को एमबीपीजी कालेज हल्द्वानी में आयोग के दिशा निर्देश में मतगणना प्रारम्भ होगी।

# दि कूर्मांचल नगर सहकारी बैंक लिमिटेड की पहली ई-गैलरी व ऑफ साईट एटीएम का शुभारम्भ

नैनीताल

हमारे संवाददाता




दि कूर्मांचल नगर सहकारी बैंक लिमिटेड नैनीताल के द्वारा मंगलवार को श्री माँ नयना देवी मंदिर नैनीताल के प्रवेश द्वार के पास अपनी पहली ई-गैलरी व ऑफ साईट एटीएम का शुभारम्भ किया गया। ई-गैलरी का शुभारंभ श्री मां नयना देवी मन्दिर अमर उदय ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव लोचन साह एवं तिब्बती बाजार के अध्यक्ष प्रेमा सिथार के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस विशेष मौके पर बोलते हुए बैंक के अध्यक्ष विनय साह ने कहा कि मां नयना देवी की प्रेरणा व आशीर्वाद से ही बैंक ने मां नयना देवी परिसर में ई-गैलरी खोलने का सुअवसर प्राप्त हुआ है। कहा कि ई-गैलरी से बैंक ग्राहकों के साथ ही स्थानीय लोगों और पर्यटकों की नकदी आवश्यकताओं तथा बैलेंस की जाँच एवं पास बुक में स्वयं इन्द्राज करवाने की सुविधा है। ई-गैलरी से आम जनता को काफी लाभ होगा। दि कूर्मांचल नगर सहकारी बैंक लिमिटेड के अध्यक्ष विनय साह ने कहा कि बैंक ने पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया और असंपरीक्षित वित्तीय आंकड़ों के अनुसार 31 मार्च 2024 को वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर बैंक की जमा राशि 2,482.05 करोड रुपएं थी और ऋण और अग्रिम 1,384.62 करोड़ रुपएं के रहे। 31 मार्च 2024 को बैंक की अंश पूंजी 49.84 करोड़ रुपये थी। इस अवसर पर बोलते हुए बैंक के सचिव व मुख्य कार्यकारी अधिकारी अक्षय कुमार साह ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024 की समाप्ति पर बैंक का कुल कारोबार 3,866.67करोड रुपएं रहा। बैंक का सीडी अनुपात 55.79 फीसदी रहा। बैंक की पूंजी पर्याप्तता (सीआरएआर) 12 फीसदी की अनिवार्य आवश्यकता के मुकाबले 20.56 फीसदी पर बनाए रखी गई थी। इस अवसर पर बैंक के अध्यक्ष विनय साह, बैंक के सचिव अक्षय कुमार साह समेत अरुण साह, घनश्याम लाल साह,भगवान सिंह,राजीव साह, विनोद बिष्ट, आनन्द सिंह भोटिया, रेखा त्रिवेदी, आनन्द सिंह खम्पा, छिम्मी सिंह, रंजीत सिंह, करन सिंह, लोग सेरिंग, दिनेश सिंह, शांति मेहरा,पासंग डोलमा, मल्लीताल व्यापार मंडल के अध्यक्ष किशन सिंह नेगी, सीबीएसल कंपनी के प्रतिनिधि विकास कुमार, माँ नयना देवी अमर उदय ट्रस्ट के सदस्य घनश्याम लाल साह, हेमंत साह, सुमित जेठी, मनोज पाण्डे श्री दीवान सिंह ढैला एवं प्रदीप साह के अतिरिक्त बैंक की मल्लीताल के शाखा प्रबंधक सुनील साह,बैंक के आईटी के विभागाध्यक्ष अखिल साह,मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी सुनील लोहनी तथा व्यवसाय विकास प्रमुख कुमाँऊ पर्वतीय क्षेत्र पवन साह एवं बैंक कर्मचारी सहित तिब्बती एवं भोटिया माला बाजार के व्यवसायी उपस्थित रहे।

# किच्छा कोतवाली ने नहीं लिखा मुकदमा पुलभट्टा ने भी झाड़ा पल्ला

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



**निरीक्षण**

- विश्वविद्यालय प्रबंधन काट रहा पुलिस के चक्कर
- कोई भी अधिकारी बताने को तैयार नहीं है

सूरजमल विश्वविद्यालय प्रबंधन कभी किच्छा कोतवाली तो कभी पुलभट्टा के चक्कर काट रहा है। परंतु न किच्छा पुलिस और न ही पुलभट्टा पुलिस ही सूरजमल विश्वविद्यालय प्रबंधन की तहरीर लेने को तैयार है। जिस छात्र को पीटने की नियत से बस पर पथराव कर रोकने का प्रयास किया उसके स्वजन भी प्रबंधन के साथ चकरघिन्नी बने हुए है।

सोमवार को पंतनगर, शांतिपुरी व हल्दी के छात्र-छात्राओं को लेकर छोड़ने जा रही सूरजमल विश्वविद्यालय की बस पर दो गुटों की लड़ाई पर एक गुट के छात्र को कैंपस निलंबन की घटना के बाद घेर कर पथराव व फायरिंग कर बस को रोकने का प्रयास किया था। चालक ने कुशलता के साथ बस को भगा कर पंतनगर में सुरक्षित स्थान तक पहुंचा दिया था। सूचना पर पंतनगर पुलिस तत्काल हरकत में आ गई थी। जब पंतनगर पुलिस ने चालक के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया तो वह किच्छा कोतवाली का क्षेत्र निकला। जिस पर पंतनगर पुलिस ने किच्छा प्रभारी निरीक्षक को इसकी सूचना दे दी थी। मंगलवार दोपहर प्रबंधन किच्छा कोतवाली में मामले की प्राथमिकी दर्ज करवाने पहुंच गया। उसमें जिस छात्र को घेर कर मारने की योजना के तहत पथराव व फायरिंग की गई उसके परिजन भी अपनी अलग तहरीर लेकर पहुंचे थ। किच्छा पुलिस के मुताबिक चूकि घटना की शुरुआत पुलभट्टा से हुई तो मामला पुलभट्टा थाने में ही लिखा जाना चाहिए। जब सूरजमल प्रबंधन पुलभट्टा थाने से संपर्क किया तो उन्होंने घटनाक्रम किच्छा में होने की बात कह कर वापस लौटा दिया। अब सूरजमल कालेज प्रबंधन पुलिस के चक्कर लगाने को मजबूर है। परंतु उनका केस दर्ज नहीं किया जा रहा है। पुलिस के अधिकारी भी इस मामले से अनभिज्ञ बने हैं। कोई भी अधिकारी बताने को तैयार नहीं है।

# डॉ. बिनीता फर्तियाल ने दी डीएससी की मौखिक परीक्षा

नैनीताल

हमारे संवाददाता



नैनीताल निवासी तथा बीरबल साहनी पालियो साइंसेज संस्थान लखनऊ की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. बिनीता फर्तियाल ने अपनी डीएससी की अंतिम मौखिक परीक्षा दी।

बता दें कि जियोलॉजी विभाग में आयोजित इस मौखिक परीक्षा में विभागाध्यक्ष प्रो. प्रदीप गोस्वामी द्वारा विषय एक्सपर्ट प्रो. देवेश के सिन्हा दिल्ली विश्वविद्यालय तथा एमएस यूनिवर्सिटी के प्रो. एलएस चमियाल एफ एनएएससी द्वारा संपन्न कराई गई। डॉ. विनीता ने डीएससी हेतु लेट क्वार्टरनरी सेडीमेंटेशन इन लद्दाख रीजन ट्रांस हिमालय इंप्लीकेशन ऑन क्लाइमेट एंड टेक्टोनिक टॉपिक पर पूर्ण की । कुमाऊं विश्वविद्यालय से पीएचडी 2000 में डॉ. बीएस कोटलिया के निर्देशन में की । डॉक्टर फर्तियाल हाई एल्टीट्यूड रीजन लद्दाख के अलावा पोलर एक्सपीडिशन अंटार्कटिक एवम आर्कटिक तथा अन्य कोल्ड रीजन पर शोध कार्य कर रही है । डॉक्टर विनीता कुमाऊं विश्वविद्यालय की एलुमनी है तथा जियोलॉजी में पहली डीएससी की है । कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल एवम बीरबल साहनी पालियो साइंस संस्थान के मध्य शोध कार्यों हेतु एमओयू है ।

# कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस के हत्थे चढ़े दो नाबालिग समेत चार हमलावर

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

आखिर कार पुलिस को कड़ी मशक्कत के बाद दो नाबालिग समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिल गई। दो के पास से पुलिस ने एक एक तमंचा और एक एक कारतूस बरामद किए। पुलिस आरोपियों को जेल भेजने की कार्रवाई कर रही।

पुलिस के मुताबिक 25 मई की रात को रम्पुरा में कुछ लोगों ने पुलिस कर्मियों पर पथराव कर दिया था। पथराव में पुलिस कर्मी घायल हो गए। इस मामले में सात नामजद समेत अन्य के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

पुलिस हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही थी। लेकिन हमलावर पुलिस के हत्थे नहीं चढ़े। मंगलवार की रात चौकी प्रभारी रम्पुरा नवीन बुधानी टीम में शामिल एसआई विकास कुमार, कांस्टेबल अमित जोशी, महेन्द्र कुमार आदि पुलिस कर्मी हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए निकले। बताया जा रहा है कि पुलिस प्रीत विहार गेट दो पर पहुंची तो मुखबिर ने सूचना दी कि पुलिस पर हमला करने वाले वहां पर खड़े हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंच चार हमलावरों को घेरा बंदी कर दबोच लिया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार हमलावरों में सोनू कोली उर्फ खत्म पुत्र स्व. प्रेमशंकर कोली निवासी वार्ड 24 रम्पुरा, दीपक कोली उर्फ टाण्डा पुत्र किशन पाल निवासी वार्ड 24 रम्पुरा है।

गिरफ्तार हमलावरों में दो नाबालिग भी है। पुलिस ने सोनू खत्म और दीपक के पास से एक एक तमंचा और एक एक कारतूस बरामद किए। पुलिस जेल भेजने की कार्रवाई कर रही। पुलिस अभी अन्य हमलावरों की गिरफ्तारी को दबिश दे रही है।

**पुलिस कार्रवाई पर सवाल**

चार दिन पहले रम्पुरा में पुलिस कर्मियों पर पथराव करने में गिरफ्तार किए दो नाबालिग आरोपियों में एक के पिता ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। सूत्रों की मानें तो नाबालिग के पिता ने पुलिस के खिलाफ कोर्ट में जाने की बात कही।

**कार्रवाई**

- दो के पास से एक एक तमंचा और दो जिंदा कारतूस भी बरामद
- रम्पुरा में पुलिस कर्मियों पर पथराव करने का मामला

# अंतरराष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता प्रबंधन दिवस पर महिलाओं को कार्यक्रम में शामिल करना बेहद जरूरी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

अंतरराष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता प्रबंधन दिवस पर मंगलवार को नैनीताल की इरा समूह अपर डाडा तल्लीताल की महिलाओं की ओर से पिरयड पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें गायत्री दरमवाल की ओर से जानकारी दी गयी कि समाज और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए महिलाओं को इस कार्यक्रम में शामिल करना बेहद जरुरी है।

दरमवाल ने कहा कि केवल सेनेटरी पैड्स या मेंस्ट्रुअल प्रोडक्ट्स की कमी का सामना करना उनके मूल अधिकारों का हनन है। पीरियड्स के दौरान स्वच्छता एक जरूरी विषय है लेकिन भारत में रूढिवाद के चलते इससे जुड़ी अनेक धारणाएं बनी हुई हैं जिस वजह से इसे अस्वच्छता से जोड़ दिया जाता है और पीरियड्स के दौरान खुद का ख्याल और स्वच्छता कैसे रखनी चाहिए उस पर बात नहीं होती है।

कहा कि पीरियड्स के दौरान स्वच्छता का ख्याल न रखने पर संक्रमण, जलन तथा पीएच संतुलन में बदलाव और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, इतना ही नहीं संकोच और तनाव के कारण दुविधा और मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता है। इन सब चुनौतियों को खत्म करने के लिए शिक्षा, जागरूकता तथा नीतिगत सुधार और बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं से जुड़ी व्यापक रणनीति की आवश्यकता है। कहा कि धरातल में योजनाओं का क्रियान्वयन तथा व्यापक मेंस्ट्रुअल हाइजीन को लेकर जानकारी और जागरूकता से ही हम मेंस्ट्रुअल हाइजीन को बेहतर कर सकते हैं। इस मौके पर मैघा ढैला की ओर से पर्यावरण अनकुल पैड की जानकारी दी गयी साथ ही प्लास्टिक पैड से पर्यावरण को होने वाले नुकसान के विषय में बताया गया जबकि कमला बिष्ट ने कार्यक्रम थीम पिरयड फ्रेंडली माहौल के विषय में बताया। कार्यक्रम में नीमा, चंपा, तुलसी, विमला तथा भावना आदि ने प्रतिभाग किया।

### बैंकों की ओर से बेवजह दवाब बनाने पर रोष

नैनीताल। जिला मुख्यालय नैनीताल के विभिन्न बैंकों की ओर से इन दिनों अपने खाताधारकों में भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने के लिए बेवजह दवाब बनाया जा रहा है जिसकी वजह से खाताधारकों में बैंक प्रबंधनों के प्रति खासा रोष बना हुआ है। बता दें इन दिनों विभिन्न बैंकों के खाताधारकों के पास मैसेज आ रहा है कि वह भारत सरकार की प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत अपने खाते में क्रमशः 436 तथा 420 रुपएं सुरक्षित रखें क्यों कि योजना का लाभ के लिए यह धनराशि आपके बैंक खाते से कटनी है। नगर में जब कई उपभोक्ताओं के पास विभिन्न बैंकों की ओर से यह मैसेज आने शुरु हो गए तो वह परेशानी में पड़ गए।

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम दलीप सिंह (DALEEP SINGH) से बदलकर दिलीप रावत (DILIP RAWAT) रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे दिलीप रावत (DILIP RAWAT) (नया नाम) पुत्र श्री एस0एस0 रावत के नाम से जाना पहचाना जाए। **वर्तमान पता- भूमिया मन्दिर, अमरावती कालोनी-(II), तल्ली बमौरी, तहसील-हल्द्वानी, जिला-नैनीताल।**

# टैग रग्बी प्रतियोगिता में प्रयागराज की टीम ने जीता गोल्ड

नैनीताल

हमारे संवाददाता

टैग रग्बी एसोसिएशन इंडिया के मार्गदर्शन में टैग रग्बी उत्तर प्रदेश की प्रथम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रयागराज की टीम ने गोल्ड मेडल एवं विजेता शील्ड अपने नाम की जबकि नवाबी शहर लखनऊ की टीम ने सिल्वर मेडल पर कब्जा कर रनर अप शील्ड प्राप्त की।

प्रतियोगिता के तीसरे स्थान पर इलाहाबाद की मिश्रित टीम ने ब्रॉन्ज शील्ड लेने में सफलता प्राप्त की। दूसरी ओर अब प्रतियोगिता के अंतिम दिन बुधवार (आज) उत्तराखंड राज्य के प्रतिभागियों के मैच किए जाएंगे।

द्वितीय दिवस के समापन पर आयोजित सम्मान समारोह के दौरान राष्ट्रीय टीम के सदस्यों अभिजीत एवं तुलसी जॉर्ज सहित नैशनल टेक्निकल डायरेक्टर डॉ राजीव शर्मा द्वारा सफल एवं भव्य आयोजन हेतु उत्तर प्रदेश टैग रग्बी की महासचिव मीनाक्षी सनवाल, इवेंट कॉर्डिनेटर अनुराग सिंह, मीडिया कॉर्डिनेटर शशि, भोजन व्यवस्था प्रभारी ललिता सिंह तथा सोशल मीडिया प्रभारी सौम्या एवं व्यवस्थापक एनीमेश श्रीवास्तव सहित आयोजन को सफल बनाने हेतु उत्तराखंड के टेक्निकल एक्सपर्ट देवेन्द्र बिष्ट, देवेश गुणवंत तथा राजेश पांडे एवं उत्तराखण्ड की सचिव विदुषी सनवाल को सम्मानित किया गया। इस दौरान खिलाडियों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय तकनीकि निदेशक डॉ. राजीव शर्मा ने कहा कि टैग रग्बी खेल काफी ऊर्जा का खेल है लेकिन इसमे खतरा काफी कम है। खेल प्रतियोगिता के दौरान राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत रेडक्रास क्लब का योगदान सराहनीय रहा।